# सभा की बैठकों से सदस्यों की अनुपस्थिति सम्बन्धी समिति

(नौवीं लोक सभा)

----

## पहला प्रतिवेदन

(25.5.1990 को प्रस्तुत)

मैं, सभा की बैठकों से सदस्यों की अनुपस्थिति सम्बन्धी समिति का सभापति, समिति द्वारा प्राधिकृत किये जाने पर उसका यह पहला प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूं।

2. समिति की बैठक 24 मई, 1990 को हुई।

3. समिति ने चार सदस्यों के अनुपस्थिति की अनुमति सम्बन्धी आवेदन-पत्रों पर विचार किया। इन आवेदन पत्रों के सम्बन्ध में समिति की सिफारिशें परिशिष्ट में दी गई हैं।

4. समिति ने श्री अतिन्दर पाल सिंह, संसद सदस्य (जो तिहाड़ जेल, नई दिल्ली में हिरासत में है और जिन्होंने 24 मई, 1990 को सभा की बैठकों

से लगातार अनुपस्थिति के 67 दिन पूरे कर लिये थे) के 9 अप्रैल, 1990 को अध्यक्ष महोदय को सम्बोधित पत्र पर भी विचार किया जिसमें उन्होंने यह अनुरोध किया था कि जब तक सरकार द्वारा उन्हें प्रतिदिन सभा में लाने की व्यवस्था नहीं की जाती, उन्हें उपस्थित माना जाये और उनके उसी पत्र को सभा की बैठकों से अनुपस्थित रहने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र माना जाये। समिति की राय थी कि उक्त पत्र को लोक सभा के प्रक्रिया और कार्य-संचालन नियम के नियम 242 के अन्तर्गत आवेदन पत्र नहीं माना जा सकता और यह कि श्री अतिन्दर-पाल सिंघ, संसद सदस्य को नियम 242 के अनुसार अनुपस्थित रहने की अनुमति हेतु आवेदन करने को कहा जाये।

(बबनराव ढाकणे)
सभापति,
सभा की बैठकों से सदस्यों की अनुपस्थिति
सम्बन्धी समिति।

नई दिल्ली;
24 मई, 1990
3 ज्येष्ठ, 1912 (शक)

# परिशिष्ट

(देखिए प्रतिवेदन का पैरा 3)

| क्रमांक | अनुपस्थिति की अनुमति के लिए आवेदन करने वाले सदस्य का नाम | अनुपस्थिति की अवधि, जिसके लिए आवेदन किया गया | कारण | अवधि, जिसके लिए समिति द्वारा अनुपस्थिति की अनुमति की सिफारिश की गई | टि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री सुदाम दत्तात्रेय देशमुख | 23-3-90 से 11-5-90 | बीमारी | 23-3-90 से 11-5-90 = 50 दिन | |
| 2. | श्री जी० कृष्णा (एक) | 12-3-90 से 23-4-90 | अस्वस्थता | 12-3-90 से 23-4-90 = 43 दिन | |
| | (दो) | 8-5-90 से सत्र की शेष अवधि तक | निर्वाचन क्षेत्र में तूफान | 8-5-90 से 25-5-90 = 18 दिन | |
| 3. | श्री ब्रह्म दत्त | 2-5-90 से 17-5-90 | उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के चुनाव | 2-5-90 से 17-5-90 = 16 दिन | |
| 4. | श्री रामेश्वर पाटीदार | 23-4-90 से 21-5-90 | माई की बीमारी | 23-4-90 से 21-5-90 = 29 दिन | |